## जल संग्रहण की दिलाई शपथ

**ब्यावर, (निसं.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जलझूलनी एकादशी के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में पूर्ण भरे हुए जलाशयों पर शनिवार को "राजस्थान जल महोत्सव 2024" का आयोजन जिला कलेक्टर उत्सव कौशल एवं स्थानीय विधायक शंकर सिंह रावत के आतिथ्य में आयोजित हुआ ।राजस्थान जल महोत्सव 2024" के जिला स्तरीय कार्यक्रम को जिला कलेक्टर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें आज के समय में जल की महत्ता को समझते हुए उसका संरक्षण करना चाहिए तथा नलों को खुला छोड़कर पानी को व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जल के बिना जीवन मुमकिन नहीं है इसलिए जल का संरक्षण अति आवश्यक है अतः हम सभी को जल दूषित होने से बचाना चाहिए।विधायक रावत ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष प्रदेश सहित जिले में बारिश अच्छी होने से जल संठाहण की स्थिति अच्छी रही है। पूर्व में जल अभाव से ठासित रहने वाले राजस्थान राज्य के जलस्त्रोत इस वर्ष जल से सराबोर हैं। इसी के मद्देनजर राज्य सरकार ने इन्द्रदेव का आभार व्यक्त करने एवं जलसंग्रहण व संरक्षण की जागरूकता हेतु "राजस्थान जल महोत्सव 2024" आयोजित करने का निर्णय लिया। उन्होंने आमजन से जिले के सभी जलस्त्रोतो के आसपास साफ-सफाई रखने तथा जल को व्यर्थ न बहाने की अपील की।

# डीडवाना के खारिया तालाब का निरीक्षण करने पहुंची हाईकोर्ट कमिश्नर की टीम

## टीम ने संपूर्ण खारिया तालाब का किया भौतिक निरीक्षण, संपूर्ण निरीक्षण की हुई फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी

**डीडवाना, (निसं.)।** खारिया तालाब में अतिक्रमण और गंदे पानी भराव को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने तीन वकीलों को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया था और उन्हें तालाब का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन रिपोर्ट तैयार कर हाईकोर्ट में पेश करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद आज कोर्ट कमिश्नर की टीम डीडवाना पहुंची और खारिया तालाब का निरीक्षण पर भौतिक रूप से जांच की।

राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा नियुक्त कोर्ट कमिश्नर विपुल धारनिया, ऋषभ पुरोहित और तानिया चुग शनिवार को सुबह खारिया तालाब पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद की टीम और पटवारी के साथ खारिया तालाब का सघन रूप से भौतिक निरीक्षण किया। इस टीम ने तालाब के जल भराव क्षेत्र को देखा और तालाब में पानी आवक के प्रवाह तंत्र की जांच की। इसके अलावा मौके पर मौजूद अतिक्रमण और खारिया तालाब में पसरी गंदगी की भी जांच की। इस टीम ने तालाब के अतिक्रमणों की सूची बनाई और तालाब में आने वाले गंदे पानी के नालों का भी निरीक्षण किया। साथ ही खारिया तालाब के पास ही स्थित सीवरेज के पंप हाउस का भी निरीक्षण किया। वहीं नगर परिषद द्वारा खारिया तालाब में अब तक किए गए कार्यों का भी अवलोकन किया।



हाईकोर्ट कमिश्नर की टीम शनिवार को सुबह खारिया तालाब पहुंच जायजा लिया।

कोर्ट कमिश्नर की टीम ने संपूर्ण खारिया तालाब में घूमकर आसपास के रहवासी लोगों से मुलाकात की और उनसे खारिया तालाब के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। कमिश्नर टीम ने पूरे निरीक्षण की वीडियोठााफी और फोटोठााफी भी करवाई। अब यह टीम विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उसे अगली सुनवाई पर हाईकोर्ट में पेश करेगी।

हाईकोर्ट ने पूर्व में भी सुनवाई करते हुए नगर परिषद को खारिया तालाब में गंदे पानी की आवक बंद करने और तालाब का विकास करने के निर्देश दिए थे। इस पर नगर परिषद ने खारिया तालाब की बजाय उससे सटे क्षेत्र में 9.50 लाख रुपए खर्च कर मिट्टी का भराव कर चारों ओर तारबंदी करवाकर खानापूर्ति कर दी। जबकि यह स्थान खारिया तालाब का हिस्सा ही नहीं है, बल्कि यह जमीन गौचर की भूमि है। वहीं हाईकोर्ट कमिश्नर की टीम आने से ठीक पहले शुक्रवार को तुरत फुरत में इस स्थान पर पौधे लगाए गए और वहां साफ सफाई की गई। टीम ने इस स्थान का भी भ्रमण कर भौतिक सत्यापन किया।

## ओपीएस को लेकर मंथन

**अजमेर।** राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन की बैठक शनिवार को कचहरी रोड विद्यालय में आयोजित हुई। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न मांगों सहित ओपीएस को लेकर मंथन हुआ।

उपाध्यक्ष अशोक सिंह शेखावत ने बताया कि शनिवार को आयोजित शिक्षक संघ राधाकृष्ण की बैठक की अध्यक्षता प्रदेश मुख्य संरक्षक मेघ सिंह चौहान ने की। राधाकृष्णन शिक्षिका सेना की प्रदेश संयोजिका सुनीता भाटी व मेघ सिंह चौहान ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। बैठक में वर्तमान समय में शिक्षा शिक्षक व शिक्षार्थी की स्थिति है, शिक्षा विभाग में किस प्रकार की नीति नियम चल रहे हैं, उनसे शिक्षक शिक्षार्थी किस प्रकार प्रभावित हो रहे हैं, उनके विषय पर संगठन द्वारा क्या कार्य करने हैं, इस पर विस्तृत रूप से चर्चा कर मंथन किया गया। सभी ने अपने विचार प्रकट किया।

बैठक में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को यथावत रखने की मांग राज्य सरकार तक ज्ञापन के माध्यम से पहुंच जाने व शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति हेतु अभियान चलाने पर सहमति बनी। सभी वर्गों की डीपीसी किए जाने की मांग व अधिशेष शिक्षकों के मामले में प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिंह शेखावत ने प्रत्येक विद्यालय तक शिक्षक संघ की पहुंच बने। इस हेतु संपर्क अभियान चलाने की बात पर जोर दिया। बैठक में प्रदेश कार्यालय मंत्री महेंद्र सहवाल, प्रारंभिक शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र बुन्देल, शिक्षिका सेना की प्रदेश संयोजिका सुनीता भाटी, सहसंयोजीका सरोज कुमावत, राधाकृष्णन शिक्षिका सेना की जिला संयोजिका हार्दिक गोठवाल उपस्थित रहे। शिक्षिका सेना की महानगर संयोजिका मुदिता मान सिंह महावर को अधिकृत कर एक सप्ताह में कार्यकारिणी गठित करने का लक्ष्य दिया।

## डोटासरा का किशनगढ में स्वागत

**मदनगंज-किशनगढ।** विधायक डॉ विकास चौधरी के नेतृत्व में सैकडों कार्यकर्ताओं ने जीवीके टोल प्लाजा के पास कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का ऐतिहासिक स्वागत कर बणी ठणी तस्वीर सहित किसानी की प्रतिक जैली भेंट की। प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने आर के कम्युनिटी सेंटर में जैन आचार्य सुनील सागर महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। बाद उन्होंने सुरसुरा में लोक देवता वीर तेजाजी के दर्शन कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की। साथ ही डोटासरा ने जाट विश्राम स्थली में आयोजित किसान सम्मेलन को संभोधित करते हुए आरोप लगाया की प्रदेश में दिशाहीन सरकार हर मोर्चे पर पुरी तरह विफल हो चुकी है। निर्णय लेने में असक्षम सरकार की कार्यशैली से आमजन परेशान है। उन्होंने वीर तेजा जी के चरणों में वंदन करते हुए कहा की राज्य सरकार किसानों का शोषण कर रही है।

## हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के सुझाव मांगे

**अजमेर।** हिंदी भाषा के महत्व को उजागर करने एवं हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित संस्था अजमेर लेखिका मंच एवम सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा 14 सितंबर हिंदी दिवस पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय हिंदी के प्रचार प्रसार में हिंदी साहित्यकारों की भागीदारी रखा गया ।।

हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने के क्रम में भी कुछ सुझाव आमंत्रित हुए जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी को राष्ट्र भाषा बनाने के प्रयास और तेज किए जाने की कोशिश पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में सभी महिला साहित्यकारों ने हिंदी प्रचार प्रसार के लिए कविता, गीत एवं गजल की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। मंच की संस्थापिका डॉक्टर मधु खंडेलवाल ने बताया कि इस अवसर पर अजमेर लेखिका मंच की सभी महिला साहित्यकारों ने अजमेर शहर में उपस्थित सभी सार्वजनिक पुस्तकालय में भ्रमण करने एवं उपलब्ध कीमती




हिंदी दिवस पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया।

पुस्तकों के बारे में चर्चा करने पर भी विचार किया। कार्यक्रम में कविता अग्रवाल ने भाषा और अहसास पर तीखी कविता के स्वर रखें।। काजल द्वारा हिंदी भाषा को उन्नत करने के क्रम में रचना सुनाई गई । शुभदा भार्गव ने हिंदी हमारे विश्वास का परिवेश शीर्षक पर रचना सुना कर हिंदी के महत्व को रेखांकित किया। रंजना शर्मा ने हमारी हिंदी सर्वश्रेष्ठ भाषा पर सुंदर रचना प्रस्तुत की, प्रतिभा शर्मा ने प्रेरणास्पद कविता सुना कर तालियां बटोरी।

## बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए वृक्षारोपण जरुरी : जाट

**अजमेर।** उपवन संरक्षक सुगनाराम जाट ने कहा कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए वृक्षारोपण करना आवश्यक है। उप वन संरक्षक जाट जवाहर फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रिजू झुनझुनवाला की मुहीम क्लीन अजमेर ग्रीन अजमेर कार्यक्रम के तहत माकड़वाली रोड पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से औपचारिक बातचीत कर रहे थे, उन्होंने कहा कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए समाज को जागरुक करना चाहिए एवं वृक्षारोपण के लिए सामाजिक संस्थाओं को अहम भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर श्री कृष्ण कृपा धाम के महाराज रामकृष्ण शर्मा ने कहा कि वृक्षों का धार्मिक महत्व है । वृक्ष लगाने से मनुष्य पुण्य का भागी होता है । प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मानव निजी स्वार्थ वश पेड़ों की कटाई कर रहा है जिसके भविष्य में घातक परिणाम होंगेए हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की पहल करनी चाहिए । जवाहर फाउंडेशन के प्रभारी शिव कुमार बंसल एवं महेश चौहान ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा आज माकडवाली रोड पर उप वन संरक्षक सुगनाराम जाट श्रीकृष्ण कृपा धाम के महाराज रामकृष्ण शर्मा, पूर्व मुख्य वन संरक्षक अनिल कुमार कपूर, नगर निगम अजमेर के पूर्व आयुक्त नारायण लाल मीणा, जवाहर फाउंडेशन की ट्रस्टी रजनीश वर्मा के नेतृत्व में 50 छायादार एवं फलदार बड़े पौधे मय ट्री गार्ड लगाए गए। इस अवसर पर जवाहर फाउंडेशन के लोकेंद्र पाण्डया मामराज सेन, वीरेंद्र कुमार वर्मा, एडवोकेट डीडी वर्मा, बिंदिया मेहरा, संगीता बंजारा, बृजेश गौड, हेमराज सिसोदिया, मुरारी लाल वर्मा, रवि करारिया, रतन लाल वर्मा, महेंद्र सिंह चौहान, आचार्य गोपाल शर्मा, शीतल सिह अखिल सक्सेना आदि ने वृक्षारोपण किया।

## स्वच्छता का संदेश दिया

**अजमेर, (कासं)।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय की ओर से देश भर में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत अजमेर में जीसी-1 ने शनिवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान का आगाज किया। बस स्टैंड पर केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों ने रोडवेज और लॉयन्स क्लब के साथ इस अभियान की शुरूआत की। सभी ने बस स्टैंड पर झाड़ू लगाकर केंद्रीय बस स्टैंड परिसर की साफ-सफाई की। जीसी-1 के डिप्टी कमांडेंट भूवनेश ज्ञानी ने बताया कि गृह मंत्रालय की ओर से देश भर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अजमेर में यह अभियान 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आमजन अपने घर की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखता है।

## सांस्कृतिक सप्ताह का आगाज आज

**मदनगंज-किशनगढ, (निस)।** बालाजी मेला महोत्सव कमेटी द्वारा बालाजी मेले के उपलक्ष में आयोजित सांस्कृतिक सप्ताह का विधिवत आगाज रविवार को रविंद्र रंगमंच मैदान पर होगा। मुख्य संयोजक चंद्रप्रकाश वैद ने प्रेस के समक्ष कार्यक्रमो की जानकारी देते हुए बताया की 15 सितंबर को मां भारती रक्षा मंच के संयोजन में सांय सात बजे रविंद्र रंगमंच मैदान पर महाहनुमान चालीसा का पाठ होगा। 16 सितंबर को बीआरजी ग्रुप के सौजन्य से राजस्थानी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकप्रिय राजस्थानी कलाकार प्रिया गुप्ता व अनोखी राजस्थानी के साथ अनेक राजस्थानी कलाकार प्रस्तुति देंगे। 18 सितम्बर को मार्बल उधमीयों एवं जन सहयोग से दिनांक 18 सितम्बर को बॉलीवुड स्टार धमाका कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे दिया और बाती फेम मिनुड़ी, कनिका माहेश्वरी, तारक मेहता फेम बावरी, सतवंत बादशाह, सिंगर कनिका चौहान, पूजा बिष्ट एल्बम कलाकार रंगारंग प्रस्तुति देंगे। 21 सितम्बर को आर के मार्बल ग्रुप के सौजन्य से अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कवि सम्मेलन में ख्याति नाम हास्य कवि सुरेन्द्र शर्मा, हास्य एवं गीतकार आदित्य जैन, लाफ्टर फेम केसरदेव मारवाड़ी, शाबिया असर काव्य पाठ करेंगी।

## राजस्थान जल महोत्सव मनाया

**नागौर।** राजस्थान जल महोत्सव-2024 जिलेभर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी उपखंड मुख्यालयों व ठााम पंचायत स्तर पर जलाशयों के किनारे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर उत्सव के रूप में मनाया गया। इस दौरान जिला मुख्यालय पर जड़ा तालाब किनारे जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर ने सिटी पार्क पहुंचकर सर्वप्रथम पौधरोपण किया तथा इसके बाद आयोजन स्थल पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस दौरान जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे प्रदेश में हमेशा कम वर्षा होती है लेकिन इस वर्ष प्रकृति हमारे ऊपर मेहरबान रही है इस कारण प्रदेश व जिले में औसत से अधिक वर्षा होने से जलाशय भरे हुए हैं। इसी उपलक्ष्य में आज जलझूलनी एकादशी को हम यह महोत्सव मना रहे हैं। इससे पूर्व हम सब ने पौधरोपण अभियान के अंतर्गत जिले में 16 लाख से अधिक पौधे लगाएं। मेरा मानना है कि प्रकृति के बिना सहयोग मानव जीवन असंभव है। सभ्यताओं की शुरुआत से ही भूमि, अग्नि, जल, वृक्ष व प्राकृतिक रूपों की पूजा होती रही है। इसी महोत्सव के माध्यम से हम जलाशयों की पूजा कर प्रकृति का शुक्रिया अदा कर रहे हैं क्योंकि हमारे जीवन में जल का एक अहम महत्व है।

# जलझूलनी एकादशी पर ठाकुरजी को कराया जलविहार, मंदिरों में धार्मिक आयोजन

## गाजे-बाजे से निकाली रेवाडियां, लोगों ने घर परिवार की खुशहाली की कामना की

**अजमेर, (कासं)।** जलझूलनी एकादशी पर शनिवार को ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ ठाकुरजी की रेवाडियां निकाली गई। लोगों ने हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैयालाल की के जयकारे लगाते हुए ठाकुरजी को जल विहार कराया। छोटे बच्चों-शिशुओं को रेवाड़ी के नीचे से निकाल कर, श्रीफल चढ़ाकर घर-परिवार में खुशहाली की कामना की गई। शहर के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजन भी हुए।

अग्रवाल पंचायत घसेटी धड़ा के तत्वावधान में रघुनाथ महाराज मंदिर घसेटी बाजार एवं लक्ष्मण महाराज के मंदिर उसरी गेट से राधा कृष्ण की रेवाड़ी निकाली गई। दोनों मंदिरों की रेवाड़ी विभिन्न मार्गों से होते हुए निकाली गई, लवकुश उद्यान पर ठाकुरजी को जल विहार कराया कराया गया। मेयो कॉलेज में विभिन्न सदनों के छात्र पारम्परिक रंग-बिरंगे साफे बांधकर ठाकुरजी की रेवाड़ी निकाली और कॉलेज परिसर में बने पूल में जल विहार कराया। इसी तरह अखिल भारतीय बसीटा धोबी महासभा पुष्कर के तत्वावधान में शाम 4 बजे भगवान राधाकृष्ण की रेवाड़ी निकाली गई। शांतिपुरा सत्यनारायण मंदिर, नृसिंह मंदिर, चारभुजा मंदिर सहित देवालयों से ठाकुरजी की रेवाडियां निकाली गई। मान्यतानुसार छोटे बच्चों-शिशुओं को रेवाड़ी के नीचे से निकाल कर, श्रीफल चढ़ाकर घर-परिवार में खुशहाली की कामना की। सुन्दर विलास स्थित गर्ग भवन में जलझूलनी एकादशी का पर्व मनाया। हाथी भाटा लक्ष्मीनारायण मन्दिर से आई रेवाड़ी की पूजा की गई। इसी तरह प्रताप नगर लोहाखान स्थित वैष्णो देवी मंदिर अन्य देवालयों से ठाकुरजी की रेवाडियां निकाली गई। शास्त्री नगर शिव मंदिर और सिद्देश्वर महादेव से जलझूलनी एकादशी पर ठाकुरजी की रेवाड़ी निकाली गई। प्रवक्ता डॉ.एसडी मिश्रा, समिति अध्यक्ष सुरेश मित्तल, सचिव ओमप्रकाश खण्डेलवाल, सिद्देश्वर महादेव मंदिर समिति अध्यक्ष अशोक शर्मा, सचिव सतीश गोयल आदि की अगुवाई में ठाकुरजी को जल विहार कराया। पंडित पवन आचार्य ने बताया कि मान्यतानुसार जलझूलनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु नींद में करवट बदलते हैं। इसी कारण इसे परिवर्तिनी एकादशी भी कहा जाता है।



जलझूलनी एकादशी पर्व पर ठाकुरजी का बेवाण निकाला।

ठाकुरजी की कृपा होने से सबका जीवन हो खुशहाल-दामोदर दाधीच:

एकादशी के अवसर पर प्राचीन सिन्धी शिव मन्दिर गंज में अपने सत्संग प्रवचनों में पंडित दामोदर दाधीच ने कहा कि ठाकुरजी की कृपा होने से हम सब का जीवन हो सकता है हमेशा खुशहाल। परमात्मा को प्राप्त करने के लिए किसी विशेष स्थान अथवा किसी विशेष दिन की आवश्यकता नही होती है। परमात्मा सहज और सरल भाव से भक्ति सहज भाव से प्राप्त किया जा सकता है। पंडित कमलेश दुबे ने बताया कि जलाझूलनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु का पूजन करने माता लक्ष्मी की भी कृपा प्राप्त होती है। इस अवसर पर भागचन्द दौलतानी, ताराचन्द लालवानी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण दौलतानी, रमेश लालवानी, राधाकिशन कालू दौलतानी, वाशी हरवानी सहित अन्य श्रद्धालुओं उपस्थित रहे। इसके अलावा अमरदीप आरपीएएससी कॉलोनी मे स्थित भगवान श्रीकृष्ण मंदिर में जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर गाजे- बाजे के साथ शाही अंदाज में फूल- मालाओं से सजी हुई ठाकुर जी की रेवाड़ी निकाली गई।

## सार-समाचार

### गड्ढों को हाइलाइट किया



विरोध प्रकट करते एनएसयूआई के पदाधिकारी।

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर में बरसात के दौरान सड़कों पर हुए गड्ढों को लेकर यूथ कांग्रेस ने विरोध जताया। इस दौरान ढोल नगाड़ों के साथ गड्डों को रंग लगाकर हाइलाइट किया। ताकि इनकी सुध ली जाए। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार के जनप्रतिनिधि व प्रशासन ध्यान नहीं रहा है। अगर जल्द ही इनकी सुध नहीं ली तो आन्दोलन किया जाएगा। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित मल्होत्रा ने बताया कि बरसात के दौरान गड्डे हुए और अब बरसात थम चुकी है लेकिन प्रशासन व जनप्रतिनिधि को इसकी चिंता नहीं है। इन गड्ढों के कारण अजमेर की जनता का जीना दुश्वार हो गया है और आवागमन में भी परेशानी हो रही है। इसके लिए यूथ कांग्रेस ने आज कलर से इन गड्ढों को हाइलाइट किया और हाईटेक अजमेर, विकास व बीजेपी लिखा। गडढों से संक्रमित अजमेर अभियान चलाकर ढोल बजाए ताकि प्रशासन का ध्यान जाए।

### कराते प्रतियोगिता में 20 का चयन

**ब्यावर, (निसं.)।** 68 वी जिला स्तरीय स्कूल गेम्स प्रतियोगिता 17 व 19 वर्ष छात्र-छात्रा का आयोजन 8 सितंबर से 12 सितंबर तक डी.पी.एस सीनियर सेकेंडरी विद्यालय अम्बा-बाड़ी में किया गया । राजस्थान सरकार द्वारा तृतीय बार कराटे को स्कूल गेम्स में शामिल किया गया तथा ब्यावर जिले मे सरकार द्वारा आयोजित कराटे प्रतियोगिता का द्वितीय आयोजन किया गया । ब्लैक बेल्ट अकादमी के संचालक एवं नेशनल रैफरी शिहान अतुल भाटी ने बताया प्रतियोगिता में ब्यावर जिले के विभिन्न स्कूलो के लगभग 103 छात्र व छात्राओं ने हिस्सा लिया । उक्त प्रतियोगिता में ब्यावर के ब्लैक बेल्ट अकादमी के प्रतियोगियों ने हिस्सा लेकर 20 स्वर्ण , 6 रजक तथा 3 कांस्य पदक हासिल कर शहर तथा जिले का नाम रोशन किया । स्वर्ण पदक विजेता में अथर्व शर्मा , श्लोक कुमार सिंह, गर्वित राज सिंह, धारांश सिंघल, विहान झंवर, लक्षित सोमानी, कुलदीप चावला, हिमांशु शर्मा मनीषा नवल, निशा सोनी, महक प्रजापति, याशिका अरोड़ा, कुमकुम सोलंकी, ज्योति, मानवी लोढा, ट्विंकल साहू, भवि शर्मा, निया खींचा, शिवानी शर्मा, गायत्री प्रजापति रहे ।अतुल भाटी ने बताया की उक्त प्रतियोगिता में चयनित स्वर्ण पदक विजेता इसी माह में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगता जिसका आयोजन सरकार द्वारा जयपुर जिले में किया जाएगा में ब्यावर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### महाविद्यालय में काव्य पाठ

**ब्यावर, (निसं.)।** श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा के निर्देशन में "हिन्दी दिवस" पर "काव्य पाठ"का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एन.एस.एस. अधिकारी प्रीति शर्मा ने छात्राओं को अपने उद्बोधन द्वारा भारतीय संस्कृति और भाषा के समृद्ध इतिहास को बताने के लिए हर वर्ष 14 सितम्बर को "हिन्दी दिवस" मनाया जाता है तथा इस दिन का उद्देश्य हिन्दी भाषा के प्रति जागरूकता को बढावा देना हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय की व्याख्याता मोनिका सोनी हिन्दी साहित्य ने बताया कि हमारे राष्ट्र का सम्मान व उसका अस्तित्व हिंदी के बिना अधूरा है राष्ट्र को जीवित रखना है तो अपनी भाषा, संस्कृति को जीवित रखना होगा।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा "काव्य पाठ" के माध्यम से हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिंदी भाषा के प्रति अपनी सच्ची निष्ठा को व्यक्त किया गया।कार्यक्रम के समापन के अवसर पर में एन.एस.एस. अधिकारी कोमल गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में समस्त संकाय सदस्य, छात्राएं, कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**ब्यावर, (निसं.)।** श्री बृजमोहनलाल शर्मा राजकीय कन्या महाविद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रभारी प्रोः जलालुद्दीन काठात ने बताया कि भाषण, कविता, गीत, लघु नाटक व मजन आदि में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में हिंदी के सहायक आचार्य डॉ. यशपाल सिंह राठौड़ ने वर्तमान में हिंदी दिवस मनाये जाने की प्रासंगिकता, हिंदी भाषा के महत्व एवं हिंदी में रोजगार के अवसरो पर प्रकाश डाला। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पूजा कुमारी सैनी व राजश्री ने अपनी कविता द्वारा हिंदी को मां के रूप में पेश करते हुए राष्ट्रभाषा बनाने का संदेश दिया। छात्रा मोनिका साहू ने राजस्थानी भजन रुणिचा रा धनिया अजमल जी रा कंवरा पर आकर्षक प्रस्तुतिः। सभी छात्राओं ने हिंदी दिवस के अवसर पर शपथ ली कि वे आज से अपने हस्ताक्षर, निमंत्रण-पत्र, प्रार्थना-पत्र व संवाद में हिंदी भाषा का ही प्रयोग करेंगे। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर प्रस्तुति देने वाली समस्त छात्राओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान संकाय सदस्य डॉ. विभोर रॉय झा, डॉ. रविन्द्र टेलर, डॉ. प्रीति लखन, डॉ. शालीनी आशीष, डॉ. धमेन्द्र कुमार मेघवंशी, डॉ. प्रीति आदिवान्न, दौलत सिंह व सलीम आदि सदस्य मौजूद थे।

### 55 दिव्यांग बच्चों को मिला लाभ

**अजमेर, (कासं)।** अद्वैत सेंटर फॉर एक्सीलेंस, पंचशील नगर अजमेर में अभिभावक शिक्षक मीटिंग के साथ-साथ डेंटल हेल्थ निःशुल्क चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. निर्मल शेखावत, होप क्लिनिक, निदेशक राकेश कुमार कौशिक, सचिव एवं मुख्य कार्यकारी क्षमा आर कौशिक आदि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया। कौशिक द्वारा संस्था की जानकारी दी साथ ही अद्वैत केन्द्र में आयोजित कैंप में अतिथियों का स्वागत दिव्यांग बच्चों द्वारा तैयार बुके भेंटकर किया गया। दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को सक्रिय भागीदारी हेतु पुरस्कार दिया गया। केम्प में मीनू स्कूल चाचियावास 20, अद्वैत सेंटर के 35 दिव्यांग बच्चों ने लाभ मिला। इस कार्यक्रम में अद्वैत व मीनू स्टाफ की पूर्ण भागीदारी रही।

### उत्तम तप दिवस मनाया

**अजमेर।** अखिल भारतवर्षीय श्री दिगम्बर जैन महासभा, अजमेर संभाग, अजमेर के संयोजक संजय कुमार जैन एवं संभाग प्रवक्ता कमल गंगवाल ने बताया कि पर्यूषर्ण पर्व के अवसर पर आज उत्तम तप धर्म पर नित्य नियम पूजन, अभिषेक व वृहदशान्तिधारा जैन समाज के सभी मन्दिरजी जिनालयों में की गई । गंगवाल व जैन ने जानकारी दी कि दसलक्षण धर्म की श्रृंखला के तहत सभी जिन मन्दिरजी, नसियांजी में ब्र. भैया व दीदियो ने अपने प्रवचन में कहा कि आज उत्तम तप धर्म अर्थात - इच्छाओं पर विराम लगाना ही उत्तम तप धर्म है । तप केवल भूखे रहने का नाम नहीं, इच्छाओं को मिटाने का तप है । शरीर को तपाने से पहले मन को भोगो से दूर कर अपने भीतर रमाओ जब बाहरी तप और भीतरी तप एक हो जाते है, तभी सच्चा तप सार्थक होता ।

### फाटक 16 व 17 को रहेगा आंशिक बंद

**अजमेर, (कासं)।** आदर्शनगर यार्ड में स्थित समपार सख्या-3 (स्पेशल विज्ञाननगर फाटक) दो दिन 16 व 17 सितंबर को दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक आंशिक बंद रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क निरीक्षक अजमेर ने बताया कि अजमेर-आदर्शनगर लाईन पर स्थित समपार संख्या 3 (स्पेशल पर टी-28 मशीन द्वारा रेल ट्रेक डालने का कार्य किया जाना है। जिस कारण इस समपार फाटक को 16 एवं 17 को दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक बन्द रखा जाएगा। इस दौरान आमजन आने जाने हेतु वैकल्पिक मार्ग जोंसगंज फाटक या अन्य मार्ग का उपयोग कर सकेंगे।

### सामूहिक गोष्टी आज

**मदनगंज-किशनगढ, (निस)।** वैष्णव सेवा समिति के तत्वाधान में रविवार को वैष्णव समाज की सामूहिक गोष्ठी खोड़ा गणेश मंदिर विनायक कक्ष में होगी।सरंक्षक संरक्षक ओम वैष्णव ने बताया कि गोष्ठी के दौरान शिक्षा, सांस्कृतिक सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार बालक बालिकाओ के साथ वरिष्ठजनो का सम्मान किया जायेगा। साथ ही सामाजिक उत्थान के लिये चर्चा की जायेगी।